हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 स्वामी आत्मानंद स्कूल में भारतीय...





12 पेट्रोल-डीजल संकट और महंगाई के खिलाफ...






## सरकारी जमीन पर कब्जे से भड़के ग्रामीण, 6 महीने से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

अलग खबर

सरोना नर्सरीपारा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले छह महीनों से लगातार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और अब ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे स्थित पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन पर विभाग के ही टाइम कीपर शिवलाल सिन्हा एवं गौतम सुरोजिया द्वारा अस्थायी निर्माण कर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शुरुआत में जमीन को तार से घेरकर कब्जे की कोशिश की गई थी, लेकिन अब वहां पक्की दीवार का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। इससे लोगों में यह आशंका बढ़ गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पूरी सरकारी जमीन अतिक्रमण की चपेट में आ सकती है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार तहसीलदार कार्यालय में आवेदन दिया गया, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

पंचायत का आरोप है कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, जिसके कारण कब्जाधारियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। अब पंचायत एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी जमीनों पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण से भविष्य में सार्वजनिक विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

**सरोना नर्सरीपारा में पीडब्ल्यूडी भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप**



*पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी*

### नियमानुसार जल्द होगी कार्रवाई

तहसीलदार एमके साहू ने कहा कि उन्हें शिकायत की जानकारी मिली है और जल्द ही राजस्व विभाग की टीम एवं पटवारी को मौके पर भेजा जाएगा। जांच में यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### खबर संक्षेप



### तहसीलदार का युवा प्रभाग ने किया भव्य स्वागत

**दुर्गूकोंदल।** सर्व आदिवासी युवा प्रभाग ब्लॉक इकाई द्वारा नव पदस्थ तहसीलदार सुरेंद्र कुमार उर्वशा का स्वागत किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उन्हें पेसा कानून भाग-2 की पुस्तक भेंट कर आदिवासी अधिकारों एवं स्थानीय स्वशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आदिवासी हितों, ग्राम सभाओं की मजबूती, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा हुई। संगठन ने आशा जताई कि तहसीलदार आमजन एवं आदिवासी समाज के हितों को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे।

### देवांगन समाज ने कांकेर के छात्र का किया सम्मान



**कांकेर।** राजधानी रायपुर में देवांगन समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम कंकेर के प्रतिष्ठित व्यापारी उमेश कुमार देवांगन के पुत्र प्रभात देवांगन को कक्षा 12 वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान देवांगन समाज लाखेनगर रायपुर मंडल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान प्रभात देवांगन को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना समाज की सकारात्मक पहल है, जिससे युवाओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### बीजापुर और नारायणपुर पहुंचे नक्सलियों की अधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं

## डेडलाइन खत्म हुए डेढ़ माह निकले, फिर भी 'चंदर-मंगलू' समेत 6 नक्सली जंगल में सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

31 मार्च को सरकार और पुलिस द्वारा तय डेडलाइन खत्म होने के बाद उम्मीद थी कि बचे हुए नक्सली या तो आत्मसमर्पण करेंगे या फिर सुरक्षा बलों के दबाव में संगठन छोड़ देंगे। लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी डीव्हीसीएम चंदर कतलाम समेत कई खूंखार नक्सलियों ने हथियार नहीं डाले हैं। पुलिस लगातार जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन सबसे ज्यादा सिरदर्द चंदर और एसीएम मंगलू बने हुए हैं, जिन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को लगातार छकाया है। इस बीच यह चर्चा भी तेज रही कि आत्मसमर्पण कर चुके कुछ बड़े नक्सलियों ने इनसे संपर्क साधा था, मगर अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। दूसरी ओर, सक्रिय नक्सलियों की संख्या को लेकर भी पुलिस महकमे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल को कांकेर जिले में परतापुर एरिया कमेटी और मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के कुल 15 नक्सलियों के सक्रिय होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने खुलासा किया कि रूपी मारी गई है, जबकि दशरू ने आत्मसमर्पण कर दिया। वहीं दो नक्सली नारायणपुर पुलिस के संपर्क में पहुंच गए। 21 अप्रैल को हुई पुलिस अधिकारियों से चर्चा के बाद यह सामने आया था कि कांकेर जिले में अब 11 नक्सली ही सक्रिय बचे हैं। इसके बाद 6 मई को पुलिस अधीक्षक से हुई बातचीत में आंकड़ा और घटकर 6 तक पहुंच गया। पुलिस का कहना था कि पांच नक्सली बीजापुर पुलिस के पास चले गए हैं। हालांकि, इन पांचों के आत्मसमर्पण की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक ने भी यह स्वीकार किया था कि कांकेर में सक्रिय दो नक्सली उनके संपर्क में पहुंचे हैं, लेकिन उनके सरेंडर की औपचारिक घोषणा अब तक नहीं हुई। वहीं बीजापुर पुलिस से संपर्क नहीं हो पाने के कारण वहां पहुंचे नक्सलियों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### खुफिया तंत्र भी 6 नक्सलियों के बारे में नहीं दे पा रहे इनपुट

**जिले की फोर्स लगातार चंदर व मंगलू की तलाश में, नहीं मिल रही खबर**



डेडलाइन खत्म हुए 22 दिन, अफसरों की बढ़ रही धड़कनें

कांकेर में सक्रिय 2 नक्सली नारायणपुर पुलिस के संपर्क में, अब बचे 11 माओवादी

डेडलाइन के खत्म होने के 22 दिन बाद भी 11 नक्सली बचे

कांकेर में सक्रिय 2 नक्सली जल्द नारायणपुर में करेंगे सरेंडर

ये हैं बचे हुए नक्सली

### 5 बीजापुर जाने वाले नक्सली

बीजापुर जाने वाले नक्सलियों में मिलिट्री कंपनी नंबर 5 के 04 नक्सली सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर और परतापुर एरिया कमेटी की सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर पुलिस के पास चली गई है।

### सक्रिय हैं 6 नक्सली, तलाश जारी

*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि परतापुर एरिया कमेटी के 6 नक्सली डीव्हीसीएम चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, एसीएम कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, एसीएम मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, एसीएम मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, एसीएम मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा और पीएम पीएम कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर सक्रिय है, इनकी लगातार तलाश जारी है।*

## वेतन की मार से टूटा सफाई कर्मियों का सब्र, काम बंद कर नगर पालिका में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर पालिका कांकेर में सफाई व्यवस्था उस समय प्रभावित हो गई जब प्लेसमेंट पर कार्यरत सफाई कर्मियों ने वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के विरोध में काम बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें हर माह तय समय पर वेतन नहीं मिलता, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। नाराज कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। नगर पालिका परिसर में एकत्रित सफाई कर्मियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए नियमित वेतन भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें मात्र 11 हजार रुपए मासिक वेतन मिलता है, वह भी हर महीने 20 से 25 तारीख के बीच जारी किया जाता है। ऐसे में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो जाता है और कई बार उन्हें ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि सुबह 6 बजे से शहर की सफाई व्यवस्था संभालने के लिए उन्हें घर से निकलना पड़ता है। कई बार आर्थिक तंगी के कारण वे बिना नाश्ता किए ही काम पर पहुंचते हैं। कर्मचारियों के अनुसार प्रतिदिन नाश्ते पर अतिरिक्त खर्च होता है, लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने से छोटी-छोटी जरूरतें भी पूरी करना मुश्किल हो जाता है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों और नगर पालिका प्रशासन के बीच चर्चा भी हुई। प्रशासन की ओर से पिछले माह का वेतन शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया गया।

### 10 तारीख तक हो जाए वेतन भुगतान

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय में वेतन भुगतान नहीं हुआ तो वे आगामी दिनों में भी काम बंद करने को बाध्य होंगे। कर्मचारियों ने मांग की कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोटोमेटा का मामला

## चाकू से जानलेवा हमला, लहूलुहान हालत में जान बचाकर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोटोमेटा में पारिवारिक विवाद के चलते चाकू के हमले से घायल अमोल ध्रुवा लहूलुहान हालत में भागते हुए अन्य ग्रामीण के आंगन में पहुंचा। उसने चीखते हुए पीने के लिए पानी मांगा और बताया कि उसके बहन दामाद बोंगा कोड़ोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया है। ग्रामीणों ने घायल को रात में ही नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराकर जान बचाई। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे जानकीनगर पीव्ही 45 निवासी 62 वर्षीय दयाल माझी पिता स्व. ब्रोजेन माझी ने पुलिस को बताया कि 16 मई की रात साढ़े 9 बजें खाना खाकर घर के परछी पर बैठा था। उसी समय गांव से लगा हुआ ग्राम डोटोमेटा का अमोल ध्रुवा मेरे घर भागते भागते आया और घर के आंगन पर आकर मुझे आवाज दिया कि थोड़ा पानी पिलाओ, मुझे बोंगा कोड़ोपी चाकू मार दिया है। ऐसा कहने पर मैं उसे तुरंत पानी पिलाया और देखा कि उसका चेहरा व शरीर खून से सना हुआ था। कुछ देर बाद अमोल ध्रुवा मेरे आंगन में जमीन पर गिर जाने पर मैं घबरा गया और हल्ला किया और अपने घर वाले को बोला सरपंच व आसपास के लोगों को बुलाओ, तभी मेरी बहू ज्योत्सना मांझी आसपास के लोगों एवं सरपंच को बुलाई। तभी गांव वाले अमोल ध्रुवा को पूछे क्या हुआ तो, अमोल बताया कि रात करीबन 9 बजे मेरा बहन दामाद बोंगा कोड़ोपी खाने की बात को लेकर अत्यधिक आवेश में आकर मुझे धारदार चाकू से हमला कर दिया। जान से मारने की नियत से मेरे जबड़े और छाती में मारा है। मैं अपना जान बचाकर भागा हूं, अगर वहां से नहीं भागता तो बोंगा मुझे जान से मार देता। गांव वाले एम्बुलेंस वाहन बुलाकर अमोल ध्रुवा को इलाज कराने सिविल अस्पताल पखांजुर लेकर गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोंगा कोड़ोपी के खिलाफ धारा 109 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



### गाली-गलौच हाथ-मुक्कों से हमला सोने की चैन मोबाइल भी गायब

## ऑनलाइन बुक सीट को लेकर बस में विवाद, महिला समेत परिवार से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर से बिलासपुर जा रही सवारी बस में ऑनलाइन बुक सीट को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में बिलासपुर निवासी एक महिला समेत उसके परिवार के सदस्यों को चोटें आई हैं। इसके साथ ही सोने की चैन और मोबाइल भी गायब होने का अज्ञात पर 18 मई को मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार चकरभाठा बिलासपुर निवासी भावना बजाज अपने परिवार के साथ कांकेर में बेटी के घर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 17 मई की शाम वह अपने परिजनों एवं छोटे बच्चों के साथ बस क्रमांक सीजी 04 ई 8473 से बिलासपुर लौटने के लिए ऑनलाइन सीट बुक कर बस में सवार हुईं। बस में पहुंचने पर उनकी बुक की गई सीटों पर पहले से कुछ लोग बैठे मिले, जिनमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। सीट खाली करने का आग्रह करने पर आरोपियों ने उठने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने जब बस कंडक्टर से शिकायत की तो उसने ऑनलाइन बुकिंग की जानकारी नहीं होने की बात कही। इसके बाद विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने कथित रूप से अश्लील गाली-गलौच करते हुए भावना बजाज एवं उनके परिजनों के साथ हाथ-मुक्कों और लात से मारपीट की। मारपीट में भावना बजाज के हाथ और पैर में चोट आई, जबकि कोमल निचलानी के आंख, हाथ और सिर में चोटें आई हैं। वहीं अन्य परिजनों के साथ भी झूमाझटकी हुई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनके गले की सोने की चैन कहीं गिर गई, जो काफी तलाश के बाद भी नहीं मिली। साथ ही दो मोबाइल फोन भी टूट गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार भयभीत है। घटना की सूचना पीड़िता ने अपने दामाद संदीप माखीजा को फोन पर दी।



### उपचार के बाद कराई रिपोर्ट

परिजन उपचार कराने के बाद रविवार 18 मई को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। यह घटना 17 मई की शाम को है और कोतवाली पुलिस की माने तो दोनों पक्ष थाना आएं थे।

### कानून व्यवस्था के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा ग्राम पंचायत उप निर्वाचन 2026 के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी क्षेत्र तथा तालाकुर्रा क्षेत्र के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी कांकेर पौरस वेन्ताल और अभिषेक देवांगन को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में निर्वाचन अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहेंगे। क्षेत्र में घटित होने वाली प्रतिदिन की घटनाओं की जानकारी संबंधित अनुभाग क्षेत्र के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगे।

### घायल की मौत, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत बेरकोट निवासी 40 वर्षीय मनेसिंह हुपेंडी पिता स्व. डोबरि राम 13 मई को सड़क दुर्घटना में घायल होने से आई गंभीर चोट के कारण मौत हो गयी। बिना नंबरी मर्ग डायरी परतापुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

## जैविक खेती-किसान हितैषी योजनाओं से किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों को आत्मनिर्भर और उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत केवटीनटोला में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन और टिकाऊ खेती के गुर सिखाए। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांकेर सरिता तारम ने किसानों को जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए नील हरित खाद, जीवामृत एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के लाभ बताए। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और किसानों को बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त होती है। कृषि महाविद्यालय से पहुंचीं सहायक प्राध्यापक डॉ. जागृति पटेल ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान सुझाए। उन्होंने मिश्रित खेती, खरीफ फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी वरुण दिवाकर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी।

### जल संरक्षण और फसल विविधीकरण पर दिया जोर



### विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

*उद्यानिकी विभाग से ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी धनंजय नाग ने सीताफल, ऑयल पाम, हल्दी एवं अदरक जैसी लाभकारी फसलों की खेती की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, वहीं पशुधन विभाग से डॉ. धर्मेंद्र कुर्रे एवं मत्स्य विभाग से ओमप्रकाश स्वेता ने विभागीय योजनाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी ग्रामीणों को दी।*

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद सदस्य ओमेश साहू, सरपंच सरिता भुवार्य, उपसरपंच परमानंद कावड़े, तालाकुर्रा सरपंच विनोद रावटे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### रांधना के आमोडीपारा में छोटा हाथी वाहन पलटा, 16 घायल

**फरसगांव**। थाना क्षेत्र के ग्राम रांधना के आमोडीपारा के पास रविवार को एक छोटा हाथी वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, जिसमें 16 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर उपचार हेतु 4 एंबुलेंस वाहनों के माध्यम से जिला अस्पताल कोंडागांव रेफर किया गया। सभी घायल ग्राम देवहरुदली एवं रांधना के निवासी बताए गए हैं। दुर्घटना के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों एवं समस्त स्टाफ ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए राहत कार्य में अहम भूमिका निभाई। त्वरित उपचार और बेहतर समन्वय के चलते घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। वहीं ग्रामीण गणेश नेताम एवं विनोद शोरी ने प्रशासनिक वाहनों की तत्काल व्यवस्था कर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत कलस्टर स्तरीय शिविर आज

**कोण्डागांव**। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "बस्तर मुन्ने" एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मई को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण भी किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेराजपुर में आयोजित शिविर में टेवंसा, कलगांव, छोटेराजपुर, पाण्डोकी, मा. खरगांव और कलेपाल सहित आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे। फरसगांव विकासखंड के झाटीबन में आयोजित शिविर में कोंदाबेड़ा, आलोर, मोहपाल, दिगानार, बड़ेडोंगर, बंगोली, भूमका, छिंदली, चांदाबेड़ा और बनचपई सहित कई गांवों के ग्रामीण भाग लेंगे। केशकाल विकासखंड के धनोरा में आयोजित शिविर में कोरकोटी, चुड़ावा, बेलगांव, धनोरा, सुकबेड़ा, भाटगांव, बनियागांव और सिलाटी सहित अनेक गांवों के ग्रामीण शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कोंडागांव में चला जागरुकता अभियान

**कोंडागांव/फरसगांव**। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिलेभर में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना ने सभी विकासखंडों में डेंगू से बचाव को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फरसगांव क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों ने लोगों को डेंगू नियंत्रण हेतु सामुदायिक भागीदारी का संदेश देते हुए "जांच करें, सफाई करें और ढंक कर रखें" थीम के तहत जागरूक किया। फरसगांव ब्लाक मेडिकल अधिकारी ज्योतिर्मयी प्रभावती ने बताया कि डेंगू रोग बरसात के मौसम में तेजी से फैलता है, इसलिए बारिश से पहले ही लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है और इसके प्रमुख लक्षण तेज बुखार, हाथ-पैर व जोड़ों में दर्द, आंखों के ऊपर दर्द तथा कमजोरी हैं।

### उपनिर्वाचनः अरुण नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक

कांकेर। नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर कलेक्टर अरुण वर्मा को नारायणपुर जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के प्रशासकीय अधिकारी रोशन वर्मा को सहायक प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# दमकसा में शिविर लोगों से किया गया संवाद, समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर, सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के अंतर्गत 18 मई को ग्राम पंचायत दमकसा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभाग प्रमुख द्वारा अपने अपने विभाग की निराकृत आवेदन पत्रों की जानकारी दिया गया। साथ ही पूर्व से सर्वेक्षित हितग्राहियों का आवेदन जमा करने के लिए जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति देवेंद्र टेकाम ने कहा कि बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने अभियान का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, सुशासन तिहार के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही समस्याओं का निराकरण भी जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के माध्यम से शासन प्रशासन सीधे जनता तक पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता एवं विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में अंत में ग्रामीणों ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर जिला सभापति देवेंद्र टेकाम, गोंडी धर्माचार्य शेरसिंह आचला, जनपद सभापति विकास राजू नायक, सरपंच सुनीता शंकर बोगा, फूलमत पिददा तरहुल, सोमू कोरेटी पेड़ावारी, चंद्रिका नेताम आमाकड़ा, प्रिया वाडीवा बरहेली राहुल जाम्बूरकार, अमित केमरो, बीरेंद्र जैन, सुदेश तोप्पा, विनोद उइके, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र कुमार बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, करारोपण अधिकारी रमेश किशोरे, डॉ चंदन बैरागी, बीआरसी लतीप सोम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### भाजपा ने प्रेम और नेताम तो कांग्रेस ने उमेश और सावित्री को बनाया प्रत्याशी

# फरसगांव उपचुनाव में 45 डिग्री के बीच सियासी पारा हाई, भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 12 वीरांगना रानी दुर्गावती वार्ड में पार्षद पद हेतु उपचुनाव कराया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतर गए हैं। वहीं प्रशासन द्वारा संबंधित वार्डों में आचार संहिता लागू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 01 के कांग्रेस पार्षद राजेश सोना का 17 फरवरी 2026 को निधन हो गया था। वहीं वार्ड क्रमांक 12 की कांग्रेस पार्षद सुशीला मरकाम का आकस्मिक निधन होने के चलते दोनों सीटें रिक्त हुई थीं। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव कराने का फैसला लिया। प्रदेश में नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के कुल 17 वार्डों में पार्षद पद तथा एक अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा ने प्रेम नाग को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने उमेश सोना पर दांव खेला है। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा ने छबीला नेताम को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने पूर्व पार्षद सवित्री मरकाम को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सोमवार को नामांकन दाखिल के दौरान फरसगांव नगर पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। भाजपा की ओर से विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक रैली निकालते हुए 12बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी जिला अध्यक्ष रवि घोष के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे गाजे-बाजे, नारों और समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने प्रत्याशियों का नामांकन पत्र जमा कराया।

**एक जून को होगा मतदान :** उपचुनाव के लिए 1 जून 2026 को मतदान कराया जाएगा। ऐसे में दोनों ही दल जीत दर्ज करने के लिए पूरी ताकत झोंकते दिखाई दे रहे हैं। नगर पंचायत का यह उपचुनाव इस बार बेहद रोचक और कांटे की टक्कर वाला माना जा रहा है। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और भी तेज होने के आसार हैं, जिससे फरसगांव की सियासत और अधिक गरमाने वाली है।

#### कांग्रेस की स्थिति कमजोर, उसी वार्ड से नहीं मिला प्रत्याशी - टेकाम

फरसगांव उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। विधायक टेकाम ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि उन्हें संबंधित वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए स्थानीय प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। दूसरे वार्ड के लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है, जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी निराशा का माहौल है। विधायक ने दावा किया कि जनता भाजपा के विकास कार्यों और युवा नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। यही वजह है कि पार्टी ने इस बार सक्रिय और मेहनती युवा चेहरों को मौका दिया है, जिन्होंने संगठन के लिए लगातार काम किया है।

#### अंतागढ़ क्षेत्र से आकर केशकाल में विधायक चुनाव लड़ेः रवि

वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि घोष ने विधायक के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि विधायक स्वयं अंतागढ़ क्षेत्र से आकर केशकाल विधानसभा से चुनाव लड़े हैं, इसलिए इस तरह के बयान देना उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती और दमखम के साथ उपचुनाव लड़ रही है तथा भाजपा के दावों का जवाब जनता मतदान के माध्यम से देगी। रवि घोष ने दावा किया कि कांग्रेस प्रत्याशी लगातार वार्डों में जनसंपर्क कर रहे हैं। दोनों ही वार्डों में पार्टी को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है।

#### ये रहे मौजद-

नामांकन के दौरान भाजपा की ओर से प्रवीर बदेशा, मंडल एवम चुनाव प्रभारी जितेंद्र सुराना, जिला महामंत्री विजय पोया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पाण्डे, फरसगांव मंडल अध्यक्ष धनराज पाण्डे, महामंत्री प्रवीण राव , उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, तरुण साना, दीपेंद्र मसीह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा ,पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, संगीता राव, नरेंद्र गौर, विनोद पाण्डे, सुखलाल मरकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, महामंत्री रामकुमार, उपाध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वही कॉंग्रेस की ओर से जिला महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी, पार्षद विजय लांगड़े, उग्रेश चन्द मरकाम, दिनेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

#### उपचुनाव एक नजर में

- वार्ड क्रमांक – 01 एवं 12
- मतदान तिथि – 1 जून 2026
- भाजपा प्रत्याशी – प्रेम नाग, छबीला नेताम
- कांग्रेस प्रत्याशी – उमेश सोना, सवित्री मरकाम
- दोनों सीटें कांग्रेस पार्षदों के निधन से हुई रिक्त

### सुशासन तिहार शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन



**कोण्डागांव**। सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत आड़ेंगा में वृहद जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवागंन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में मुख्य अतिथि द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

**बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान पर जागरुकता** – जिला महिला सशक्तिकरण टीम द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में महिलाओं एवं किशोरियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 तथा महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महिला सशक्तिकरण, पोषण, स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम और बाल विवाह निषेध से संबंधित ब्रोशर वितरित किए गए।

## नारायणपुर के केमिस्ट 20 को रखेंगे दुकान बंद



**नारायणपुर**। जिले में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट यूनियन ने आगामी 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद हड़ताल का आह्वान किया है। इस संबंध में संघ ने जिला कलेक्टर को अग्रिम सूचना पत्र सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया है।

▪ विभिन्न मांगों को लेकर दवा व्यापारियों की हड़ताल

यूनियन का आरोप है कि अवैध ई-फार्मेसी के संचालन और बड़े कॉर्पोरेट्स द्वारा अपनाई जा रही 'शोषक मूल्य निर्धारण' (प्रेडेटरी प्राइसिंग) नीति से छोटे व मध्यम केमिस्टों की आजीविका पर संकट आ गया है। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यमों से बिना डॉक्टर के पर्चे की दवाओं की बिक्री, नकली पर्चों का दुरुपयोग और एंटीबायोटिक दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता से जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। दवा विक्रेताओं की मुख्य मांगें है कि 28/08/2018 की अधिसूचना (जीएसआर 817 ई) और 26/03/2026 की अधिसूचना (जीएसआर 220 ई) को तुरंत वापस लिया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इन अनियंत्रित गतिविधियों पर रोक नहीं लगी, तो देशभर के करीब 12.40 लाख केमिस्टों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।



## किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**केशकाल/धनोरा**। छत्तीसगढ़ में बढ़ती महंगाई एवं डीजल पेट्रोल व खाद बीज नहीं मिलने से किसानों एवं आम जनता को भारी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम धनोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री के नेतृत्व में सोमवार को धनोरा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सात दिनों के अंदर किसानो की समस्या का निराकरण करने कि बात कही गई अन्यथा धनोरा कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ तहसील कार्यालय का घेराव कि बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों धनोरा सरपंच नोहरू राम मांडवी, काररामेटा सरपंच संजीव, धनोरा मंडल अध्यक्ष शिव कुलदीप, सोनूराम बैध, सनत कुलदीप, एन एस यु आई विधानसभा अध्यक्ष निलेश नेगी, जोहन जैन,मनीष नाग, धर्मेंद्र नाग, नरेश जैन,बीरेंद्र, एवं सभी कांग्रेस के साथी मौजूद रहे।

## जिले में बिजली संकट से परेशान जनता का फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी



**नारायणपुर**। नगर पालिका में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या और मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद किए जाने से आम जनता का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को न पर्याप्त बिजली मिल पा रही है और न ही समय पर पानी। बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा पूरे शहर की जनता भुगत रही है।

विशेष रूप से आमबगीचा क्षेत्र वर्षों से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। लो वोल्टेज के कारण पानी टंकी तक पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहा, जिससे बांग्लापारा, तहसीलपारा, डीएनके और जगदीश मंदिर वार्ड तक पानी सप्लाई बाधित हो रही है। वार्डवासियों को समय पर पानी नहीं मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद जय वट्टी के नेतृत्व में बिजली कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब जनता को टेम्परारी आश्वासन नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहिए।

▪ पार्षद जय वट्टी के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

पार्षद जय वट्टी ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती और ओवरलोड के नाम पर जनता को परेशान करना तुरंत बंद किया जाए। आमबगीचा क्षेत्र में अलग ट्रांसफार्मर लगाया जाए तथा प्रत्येक वार्ड में स्थायी और मजबूत बिजली व्यवस्था लागू की जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब जनता अपनी समस्या लेकर बिजली कार्यालय पहुंची तो आधे घंटे तक अधिकारी-कर्मचारी आवेदन लेने तक नहीं पहुंचे। लोग गर्मी और बिजली संकट से परेशान होकर अपनी तकलीफ बताने के लिए इंतजार करते रहे, जबकि कर्मचारी कूलर और पंखे का आनंद लेने में व्यस्त थे। घंटों बाद आवेदन स्वीकार किया गया।

पार्षद ने कहा कि अधिकारियों को फोन के माध्यम से सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जाए। केवल आश्वासन देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश न की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नारायणपुर की जनता सड़क से लेकर बिजली कार्यालय तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंदर यदि इतनी खराब व्यवस्था है तो ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है और अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

इस दौरान जनता ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

### लोक निर्माण विभाग के सचिव ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# बस्तर में सड़क और पुल निर्माण कार्यों में लाई जाएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने सोमवार को कोंडागांव में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक लेकर बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव जिलों में निर्माणाधीन सड़क एवं पुल कार्यों की समीक्षा की।

▪ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में सचिव श्री बंसल ने सभी प्रगतिरत कार्योंं को तय समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी ठेकेदार का भुगतान लंबित न रखा जाए तथा किए गए कार्यों के आधार पर हर महीने भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सचिव श्री बंसल ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने पर जोर दिया।

#### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, वन मंडलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता भी एम.एल. उरांव और ज्ञानेश्वर कश्यप तथा अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी सहित तीनों जिलों के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंता भी बैठक में उपस्थित रहे।

#### नई सड़क और पुलों के प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजें

श्री बंसल ने बरसात में संपर्क से कटने वाले गांवों के लिए बारहमासी सड़क और पुल निर्माण के प्रस्ताव प्राथमिकता से शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल द्रुतगामी सड़कों के लिए 15 अगस्त तक इस्टीमेट भेजने को कहा। बैठक में सचिव ने गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट, डिग्रेड या टर्मिनेट करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद सचिव श्री बंसल ने जगदलपुर में इंद्रावती नदी पर निर्माणाधीन खड़कघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को मशीनरी एवं श्रमिक बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

## 186 परिवारों को मिल रहा स्वच्छ पानी



**बीजापुर।** भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसलनार-1 में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लगातार कार्य कर रहा है। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बीजापुर एसआर नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम के कुल 10 पारा में निवासरत 186 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 25 हैंडपंप एवं 9 सोलर ड्यूल पंप संचालित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा इन सभी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी किया गया है। उन्होंने बताया कि सरपंच पारा में रहने वाले 11 परिवारों के लिए विशेष रूप से एक हैंडपंप एवं एक सोलर ड्यूल पंप के माध्यम से पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग ग्रामीणों को हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पंप से प्राप्त स्वच्छ पानी के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है। कार्यपालन अभियंता ने कहा कि जल की गुणवत्ता की जांच विभाग द्वारा समय-समय पर की जाती है, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## कमजोर परिवारों के बच्चों के सपने हो रहे पूरे



**बीजापुर।** शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की सबसे मजबूत नींव होती है। जब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलता है, तब उनके सपनों को नई दिशा और नई उड़ान मिलती है। ऐसी ही उम्मीद और परिवर्तन की मिसाल बन रही है अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना, जिसने श्रमिक परिवारों के बच्चों के जीवन में नई रोशनी भर दी है। यह योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा, उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश, शैक्षणिक सहायता तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बन रही है। बीजापुर जिले में भी इस योजना ने कई परिवारों के सपनों को साकार करने का कार्य किया है। ग्राम मद्देड़, विकासखंड भोपालपटनम की छात्रा अक्षया पिता रामपति रमेश का चयन राजनांदगांव स्थित संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ है। वहीं बीजापुर नगर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड निवासी अतीस वारोगेम माता नागमणि वारोगेम का चयन दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में तथा संजना वारोगेम का चयन राजकुमार कॉलेज रायपुर में हुआ है।

# कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर







केंद्रीय विद्यालय बीजापुर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अपने परिवार तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर कलेक्टर तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्वदीप ने मेधावी विद्यार्थियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कक्षा 10वीं में विद्यालय की छात्रा कर्णिका तिवारी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा 12वीं में प्राची झाड़ी ने 93.40 प्रतिशत, तरुण सिंह ठाकुर ने 90.20 प्रतिशत तथा यश्वी डोंगरे ने 88.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। इन परीक्षाओं में प्राप्त सफलता केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का परिचायक भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक ऊंचाइयां प्राप्त करने हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें जिले की भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों एवं चुनौतियों के बीच विद्यार्थियों द्वारा अर्जित यह सफलता अत्यंत सराहनीय है और यह सिद्ध करती है कि समर्पण एवं सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले वर्षों में अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय बीजापुर सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों तथा विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उसी सतत प्रयास का परिणाम है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे तथा विद्यालय के प्राचार्य पुष्पध्वज भी उपस्थित रहे।

### गलत नीतियों ने आम आदमी की तोड़ दी कमर

# कांग्रेस ने खोली सरकार की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



बेलगाम महंगाई और डीजल-पेट्रोल की किल्लत के बीच प्रधानमंत्री के कम इस्तेमाल करो वाले बयान ने आग में घी का काम किया है। संबोधन के तुरंत बाद देशभर के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। लोग डर के मारे टंकी फुल कराने दौड़ पड़े। उक्त बातें कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष हरीश कवासी ने कही।

■ ज्ञान देना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना जैसा

इसी बीच सुकमा जिला मुख्यालय के होटलों में, पेट्रोल पंप पर कांग्रेस ने सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखा उनसे वार्तालाप की और उनके परेशानियों को जाना, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश कवासी लखमा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पंप पर खड़े लोगों से सीधा संवाद किया। इतना ही नहीं, कांग्रेसी कार्यकर्ता आसपास के होटलों में भी गए और होटल संचालकों से उनकी परेशानी जानी। राहगीरों से बात कर बताया कि कैसे सरकार की गलत नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

### विरोध प्रदर्शन करते जमकर की नारेबाजी

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि जुमले नहीं, राहत चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम जनता को कम इस्तेमाल करो की नसीहत दे रहे हैं, जबकि सरकार टैक्स कम करके पेट्रोल-डीजल सस्ता क्यों नहीं करती 100 पार पेट्रोल पर प्रवचन नहीं, एक्शन चाहिए।

### महिलाओं का बजट बिगड़ा

कार्यकर्ताओं ने कहा कि चर्चा में सामने आया कि रसोई गैस 1100 के पार और तेल-आटा महंगा होने से गृहणियों का किचन बजट पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार महंगाई से बेटियों का घर कैसे चलेगा ये नहीं बता रही। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियों की वजह से ही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई गड़बड़ाई है। जनता को लाइन में लगाने के बाद अब ज्ञान देना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है।

### मन की बात से पेट नहीं भरता : हरीश

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी लखमा ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले महंगाई बढ़ाते हैं, फिर जनता को ही दोष देते हैं कि तुम ज्यादा इस्तेमाल करते हो। ये कैसा न्याय है। डीजल पेट्रोल 100 के पार, किसान ट्रैक्टर कैसे चलाए, महिला गैस कैसे भरवाए, हमने होटलों में जाकर देखा, उनका कारोबार चौपट हो रहा है, देश की जनता से कहते हैं सोना मत खरीदो, आज सोने का रेट इतना ज्यादा हो गया है कि आम जनता से खरीद नहीं सकते खरीदने का सवाल ही नहीं उठाता है, राहगीर परेशान हैं। सरकार फिजूलखर्ची रोके, विज्ञापन का बजट घटाए, तब महंगाई कम होगी। हरीश ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में नहीं लाती और एक्साइज ड्यूटी नहीं घटाती, तब तक महंगाई से राहत नामुमकिन है। सिर्फ मन की बात से पेट नहीं भरता।

# 'किरंदुल परियोजना' प्लेटिनम अवार्ड से की गई सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को अपेक्स इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा गोवा में आयोजित समारोह में 12वें अपेक्स इंडिया ग्रीनलीफ अवार्ड-2025 माइनिंग सेक्टर के अंतर्गत प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित पर्यावरण, ईएचएस, ईएसजी एवं ऊर्जा व प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन पर आयोजित सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह अवार्ड मुख्य अतिथि पीके सहगल (सेवानिवृत्त) मेजर जनरल, भारत के रक्षा विशेषज्ञ व टीईडीएक्स वक्ता से किरंदुल परियोजना की ओर से परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) ने ग्रहण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के श्रम व रोजगार मंत्रालय के डॉ. अवनीश सिंह, महानिदेशक (सेवा निवृत्त) उपस्थित थे। इस पुरस्कार के माध्यम से एनएमडीसी लिमिटेड की पर्यावरण संरक्षण और सुधार में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई, जो विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के जरिए प्राप्त की गई है। यह सम्मान एनएमडीसी लिमिटेड की खनन प्रथाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और खनन क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल संचालन और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए संगठन के निरंतर प्रयासों को उजागर करता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए परियोजना प्रमुख ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की है।

# ग्रामसभा की अनुमति से हो हर विकास कार्य : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर विकास मॉडल को सार्वजनिक करने की मांग की हैं। समाज ने कहा कि गृह मंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात नहीं हो पाने के कारण बस्तर की जनता की भावनाओं और सुझावों को प्रेस नोट के माध्यम से सामने रखा जा रहा है।

■ बस्तर विकास मॉडल को सार्वजनिक करने सर्व आदिवासी समाज ने उठाई मांग

सर्व आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया कि बस्तर में विकास की कोई भी प्रक्रिया स्थानीय आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, जल-जंगल-जमीन और संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप तथा ग्रामसभा की सहमति के आधार पर संचालित होनी चाहिए। ऐसा कोई भी विकास स्वीकार्य नहीं होगा जिससे स्थानीय लोगों का विस्थापन हो, प्राकृतिक संसाधनों पर उनका नियंत्रण समाप्त हो या सामाजिक-सांस्कृतिक असंतुलन पैदा हो। विकास के नाम पर स्थानीय अधिकारों की अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। संभाग अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि बस्तर लंबे समय से संघर्ष और हिंसा का दंश झेलता आया है। ऐसे में शांति और विकास आवश्यक है, लेकिन विकास के नाम पर स्थानीय समाज के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।



मांगों में लौह अयस्क उत्खनन परियोजनाओं में निजी कंपनियों की भागीदारी समाप्त करने, बोधघाट एवं नदी जोड़ो परियोजनाओं को निरस्त करने, आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को पट्टे पर देने संबंधी प्रावधान समाप्त करने तथा अबूझमाड़ क्षेत्र में नए सैन्य एवं अर्द्धसैनिक शिविर स्थापित नहीं करने की मांग उठाई गई है।

इसके अलावा स्थानीय युवाओं को शासकीय सेवाओं और परियोजनाओं में प्राथमिकता देने, नियमित स्कूलों एवं महाविद्यालयों को मजबूत करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में शिक्षा की विशेष व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया है। सर्व आदिवासी समाज ने पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों को प्राथमिकता देने की बात कही है। साथ ही जिला खनिज न्यास की राशि का हिस्सा सीधे ग्रामसभाओं एवं पंचायतों को देने तथा बैलाडीला एवं नगरनार जैसी परियोजनाओं में प्रभावित स्थानीय लोगों को हिस्सेदार बनाए जाने की मांग भी रखी गई है।

### जगदलपुर सीट को पुनः एसटी आरक्षित की जाए

समाज ने परिसीमन प्रक्रिया में जगदलपुर विधानसभा सीट को पुनः अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित करने, स्थानीय भाषा-संस्कृति एवं पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के संरक्षण के लिए विशेष नीति बनाने तथा वन विभाग द्वारा व्यावसायिक पेड़ कटाई पर रोक लगाने की मांग भी दोहराई है। उन्होंने कहा कि बस्तर का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब यहां विकास के साथ-साथ आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की जानकारी के लिए बारसूर में बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

केन्द्र सरकार द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 में आवश्यक सुधार करते हुए नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को 1 अप्रैल से पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इन नवीन प्रावधानों की जानकारी नागरिकों और व्यावसायिक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत बारसूर के सभा कक्ष में व्यापारियों, दुकानदारों एवं होटल प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत कचरे का स्रोत पर ही 4 श्रेणियों में वर्गीकरण अनिवार्य किया गया है। पहला गीला अपशिष्ट में बचा हुआ खाना, सड़ी-गली सब्जियां, चाय की पत्ती, बगीचे का गीला कचरा, फल और सब्जियों के छिलके आदि को हरे डस्टबिन में डालना होगा।

दूसरा सूखा अपशिष्ट में रद्दी कागज, चमड़ा, गत्ता, पॉलिथीन, लोहा, टूटे डिब्बे, कपड़ा, रबड़, प्लास्टिक, कार्डबोर्ड आदि नीले डस्टबिन में रखने होंगे। तीसरा सेनेटरी अपशिष्ट में मास्क, दस्ताने, नैपकिन, डायपर, पैड्स आदि लाल डस्टबिन में डालने होंगे। चौथे विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट में घरेलू हानिकारक कचरा, कांच, रसायन, पेंट, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, बैटरियां, सिरिंज आदि पीले डस्टबिन में संग्रहित किए जाएंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी नागरिकों, दुकानदारों और संस्थानों को स्रोत पर पृथकीकरण कर कचरा केवल स्वच्छता दीदियों को ही देना अनिवार्य होगा। नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों यानी अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले होटल, हॉस्टल, मैरिज हॉल, संस्थानों को केन्द्रीय ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

# पक्के घर ने बदली लिंगु की जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कभी नक्सल प्रभाव और अभावों से जूझता नियद नेलनार गांव आज विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे इस गांव में अब सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचने लगा है। इसी बदलाव की मिसाल बने हैं ग्राम पंचायत संतोषपुर के निवासी 53 वर्षीय लिंगु कुडमुल।

वह अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से एक जर्जर झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे थे। संतान नहीं होने और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका जीवन कठिनाइयों से भरा था। बरसात में टपकती छत, ठंड में असुरक्षित रातें और हर मौसम में परेशानियां उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी थीं। गांव के नक्सल मुक्त होने के बाद विकास कार्यों ने गति पकड़ी और सरकारी योजनाओं की पहुंच ग्रामीणों तक बढ़ी। इसी दौरान लिंगु कुडमुल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर स्वीकृत हुआ। नया घर उनके लिए सिर्फ आशियाना नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और नई उम्मीद का प्रतीक बन गया।

पक्का घर बनने के बाद उनकी पत्नी के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन जी रहे हैं। उनके चेहरे की मुस्कान इस बात की गवाही देती है कि समय पर मिली सहायता किसी के जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकती है। नियद नेलनार गांव की यह कहानी संघर्ष से सम्मान तक की प्रेरणादायक यात्रा है, जो विकास, संवेदनशीलता और उम्मीद की जीवंत मिसाल बनकर सामने आई है।

# जनअधिकारों के संकल्प के साथ मनाया गया सेवा संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद के जन्मदिवस पर विभिन्न जनसेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी जिलों में मोर्चा के जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान, मरीजों एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे सेवा कार्य किए। साथ ही जनता दरबार में आकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज बस्तर जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद बस्तर के मूल निवासी वंचित है। नवनीत चांद लगातार आदिवासी अस्मिता, स्थानीय अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन सुविधाओं के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए जनआंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।



# भानपुरी मण्डल में 5 मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के भानपुरी मण्डल में पांच मोर्चा की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अ.ज.जा. व अ.जा. मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। महिला मोर्चा अध्यक्ष जमुना कश्यप बनाई गयी हैं। उपाध्यक्ष फुलबाई खापर्डे, लक्ष्मी यादव, कुन्ती शार्दुल, निशा वर्मा, महामंत्री फुलमती बंछोर व राधा यादव नियुक्त की गई हैं। मंत्री रेवती साहू, सुरजमनी बघेल, नीरमनी कश्यप, उषा कश्यप, कोषाध्यक्ष सविता बघेल, सह कोषाध्यक्ष बुधरी कश्यप, कार्यालय प्रभारी हेमबती कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी उर्वशी यादव, सोशल मीडिया सह प्रभारी निर्मला सेठिया नियुक्त की गई हैं। किसान मोर्चा के अध्यक्ष हितेश मौर्य बने हैं। वहीं उपाध्यक्ष महेश्वर बैद्य, कुन्दन बघेल, गणेश यादव, कमोराम नायक, महामंत्री घस्सुराम मौर्य व लच्छिन बघेल बनाये गये हैं। मंत्री आसमन दिवान, थानूराम पन्हार, सुदनराम बघेल, झाडुराम मौर्य, कोषाध्यक्ष युवस राम बघेल, कार्यालय प्रभारी भगत राम बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी मंगतूराम बघेल, सोशल मीडिया सह प्रभारी लक्ष्मण बघेल को बनाया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष मुकेश दिवान होंगे। उपाध्यक्ष जमुना ठाकुर, ताकेश पटेल, भगत शार्दुल, महामंत्री भुवन साहू व रमेश दिवान को बनाया गया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुर्गुकोंदल में जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ग्रामीण क्षेत्र में नवपदस्थ तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सुरेंद्र कुमार उर्वशा ने पदभार ग्रहण करते ही जनगणना कार्यों में तेजी लाने की दिशा में सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। सोमवार सुबह तहसील कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी सुपरवाइजरों से जनगणना कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि दुर्गुकोंदल ग्रामीण क्षेत्र के कुल 154 गणना ब्लॉकों में से अब तक 130 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 24 ब्लॉकों का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। चार्ज अधिकारी ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनगणना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नजरी नक्शों को सही एवं व्यवस्थित ढंग से तैयार करने तथा समय पर जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दस्तावेज और नक्शे निर्धारित प्रारूप एवं गुणवत्ता के अनुसार तैयार किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी चर्चा की गई। नवागत तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करते ही जनगणना कार्यों की गंभीर समीक्षा किए जाने से कर्मचारियों में नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर फील्ड ट्रेनर मनीष गौतम, बाबूलाल कोमरे एवं दिग्विजय सलामे सहित सभी सुपरवाइजर, तहसील कार्यालय से जनगणना लिपिक सहायक ग्रेड-2 श्याम सिंह उसेंडी, सहायक ग्रेड-3 भूपेंद्र टांडिया एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## निधन

### मदन नेगी



**कांकेर।** जिला कांकेर के अंतागढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम कोदागांव निवासी एवं एंटी करप्शन विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मदन नेगी का बीती रात लगभग 1 बजे रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। श्री नेगी अपने सेवाकाल में ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में पहचाने जाते थे। परिजनों एवं शुभचिंतकों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। उनका अंतिम संस्कार 18 मई की दोपहर लगभग 3 बजे गृह ग्राम कोदागांव अंतागढ़ में किया गया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में भारतीय भाषा संकुल स्तरीय समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सोमवार को भारतीय भाषा संकुल स्तरीय समर कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। समर कैंप का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पालकों की सहमति से किया जा रहा है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10:30 बजे तक संचालित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य अजय नेताम ने समर कैंप के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शिविर बच्चों को भारतीय भाषाओं, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मुख्य अतिथि रामचंद्र कल्लो ने कहा कि भारतीय भाषा समर कैंप बच्चों और युवाओं में भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान, रुचि और ज्ञान विकसित करने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि मातृभाषाएं हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की मूल आधार हैं। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को भाषा के माध्यम से संस्कार, सभ्यता और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य करते हैं। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन करने के साथ-साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना है।

- मातृभाषाएं हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की मूल आधार : रामचंद्र
- संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर माध्यम शिविर




### सभी गतिविधियों में बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

*जनपद सभापति ने बताया कि समर कैंप में बच्चों द्वारा ड्राइंग, नृत्य, गायन, अभिनय, पत्तों से कलाकारी, सब्जियों से चित्रकारी, रंगीन चावल कला, मिट्टी से खिलौना निर्माण, धागों से डिजाइन एवं मुखौटा निर्माण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।*

### इनकी रही उपस्थिति

*कार्यक्रम में मनीषा सिन्हा, सुमित्रा बघेल, सावित्री ठाकुर, लक्ष्मी खुड़श्याम, मंजू कोमरे, केवरा गायकवाड़, राज नरेटी, अनीता जैन, गजेंद्र टांडिया सहित संस्था के शिक्षकगण, पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

## जमकर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, पंपों में लोगों को लाइन में होना पड़ रहा खड़ा

# पेट्रोल-डीजल संकट और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में कोरर में कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। स्थानीय पेट्रोल पंप के सामने आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल संकट, बढ़ती महंगाई और आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जिला महामंत्री हेमंत कुमार ध्रुव एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि सरकार एक ओर पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों में ईंधन की भारी कमी देखने को मिल रही है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, जिससे किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है, जिससे आम जनता की कमर टूट चुकी है। खाद्य सामग्री, गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने लोगों का जीवन प्रभावित कर दिया है। नेताओं ने कहा कि सरकार जनता की मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने में लगी हुई है, जबकि आम आदमी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेट्रोल-डीजल संकट का समाधान नहीं किया गया और महंगाई पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

### इनकी रही मौजूदगी

धरना-प्रदर्शन में गणेश सोनी, रमेश पाण्डेय, शोएब अहमद, शिवा शुक्ला, सुना राम तेता, सौरभ ठाकुर, बृज मड़ावी, सुनहेर गजेंद्र, अशोक गुप्ता, दरिया कोरेटी, बिरझु नेताम, बीरेंद्र कोरेटी, समरेश सोरी, उमाशंकर टेमुन्ना, रामलाल दर्रो, सुरेश राजपूत, पुखराज कोसमा, लीलाराम हिड़को, झगरू धनकर, अनुराग शर्मा, आयुष शर्मा, कुणाल टेकाम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खाद-बीज संकट और बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



किसानों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कोड़ेकूसी मंडल में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष रघुनंदन गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज उठाती रही है तथा गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है। कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की अपील भी की गई। बैठक के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किसानों को खाद और बीज की हो रही समस्या को लेकर लेम्प्स प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, नारायण पटेल, भागीरथी निषाद, एनएसयूआई अध्यक्ष नंदकुमार नेताम सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान में संगठन मजबूती का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं आगामी चुनौतियों को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की रीति-नीति, वैचारिक आधार, कार्यकर्ता विकास, सोशल मीडिया, मीडिया प्रबंधन तथा संगठन विस्तार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बताया गया कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है तथा बदलते राजनीतिक परिवेश में संगठनात्मक विषयों और तकनीकी ज्ञान को समझना आवश्यक है। विभिन्न सत्रों में एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठा, कार्यकर्ता आचरण, लाभार्थी संपर्क, मातृशक्ति समूह, कोष प्रबंधन और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर चर्चा हुई। आईटी एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, एआई तकनीक, सूचना तंत्र तथा सकारात्मक जनधारणा निर्माण पर भी प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन योग एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद व्यवहारिक सत्र, सामूहिक बैठक और कार्यपद्धति पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग में डिजिटल साक्षरता एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया भी अपनाई गई, जिसमें प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ मजबूत करने का संकल्प लिया। राष्ट्रगान एवं ध्वज अवतरण के बाद सामूहिक जलपान के साथ प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।

# सरोना में जुटे कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता, संगठन की मजबूती पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विकास खंड स्तरीय नरहरपुर के तत्वाधान में नवनियुक्त पदाधिकारियों का नियुक्ति पत्र एवं सम्मान समारोह नर्सरी पारा सरोना में गरिमामय वातावरण में हुआ। समारोह के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

समारोह के दौरान ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव राजेश तिवारी, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, जिला अध्यक्ष बसंत यादव एवं नितीन पोटाई ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए गांव-गांव तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की आवाज उठाने वाली पार्टी रही है और आगे भी जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने वर्तमान सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है तथा महंगाई से आम जनता परेशान है। पेट्रोलियम पदार्थों, गैस सिलेंडर और खाद्य तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से गरीब एवं मध्यम वर्ग का बजट प्रभावित हो रहा है। सम्मान समारोह में पूर्व अनुसूचित जनजाति सदस्य नितीन पोटाई, मिथलेश शोरी, रोहिदास सोरी, ललीता शोरी, अब्दुल गफ्फार मेमन, संग्राम नेताम, मुकेश राय एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू दुबे, मंडल अध्यक्ष, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, युवा कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# वायरल वीडियो के बाद भी जांच तक सीमित कार्रवाई

### *जिम्मेदार अधिकारियों पर निर्णय का इंतजार*

**भानुप्रतापपुर।** अवैध लकड़ी परिवहन और कथित सौदेबाजी से जुड़ी वायरल वीडियो क्लिप सामने आने के बाद भी वन विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। गंभीर आरोपों और मामले के सार्वजनिक होने के बावजूद विभाग अब तक केवल जांच जारी है की बात कहकर औपचारिक कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहा है। वायरल वीडियो क्लिप में कथित तौर पर लकड़ी परिवहन के लिए फर्जी दस्तावेजों के सौदे की चर्चा सामने आई थी, जिसके बाद विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा जारी है, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन जब मामला विभागीय निगरानी और संभावित संरक्षण से जुड़ता है तो जांच की प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है। लोगों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर विभाग में जिम्मेदारी तय करने का पैमाना इतना कमजोर क्यों दिखाई दे रहा है।

# बाबा के अलग अंदाज ने खींचा ध्यान, घर-घर पहुंच कर नेताओं और ग्रामीणों से की आत्मीय मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव के दो दिवसीय कांकेर-भानुप्रतापपुर दौरा इस बार पूरी तरह अलग अंदाज में नजर आया। जहां आमतौर पर बड़े नेताओं के दौरे राजीव भवन, सार्वजनिक सभाओं और मंचीय कार्यक्रमों तक सीमित रहते हैं, वहीं टीएस बाबा ने इस बार सीधे कार्यकर्ताओं और आम लोगों के घरों तक पहुंचकर संवाद को प्राथमिकता दी। उन्होंने न तो राजीव भवन में कोई औपचारिक बैठक ली और न ही सार्वजनिक मंच से भाषण दिया। इसके बजाय उन्होंने घर-घर जाकर नेताओं, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक और व्यक्तिगत विषयों पर चर्चा की। उनके इस अलग अंदाज ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

दरअसल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस संगठन में चल रही अंदरूनी गतिविधियों और आगामी राजनीतिक समीकरणों के बीच बाबा का सीधे कार्यकर्ताओं के घर पहुंचना कई मायनों में संदेश देने वाला माना जा रहा है। खास बात यह रही कि उन्होंने किसी बड़े शक्ति प्रदर्शन या भीड़ जुटाने की बजाय सीमित लोगों के बीच रहकर संवाद को प्राथमिकता दी। इससे यह साफ संकेत मिला कि वे संगठन की जमीनी नब्ज को समझने और कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। बीती रात यानी रविवार की रात लगभग 11 बजे टीएस सिंहदेव भानुप्रतापपुर पहुंचे। चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद वे सीधे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बबला पाढ़ी के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने भोजन किया। देर रात होने के बावजूद उनका दौरा लगातार जारी रहा। इसके बाद वे कोरर पहुंचे, जहां रात लगभग 12 बजे बीरेश ठाकुर के घर सौजन्य मुलाकात के लिए पहुंचे। आधी रात तक कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इसके बाद वे रात करीब पौने एक बजे पैलेस पहुंचे और वहीं विश्राम किया। 18 मई की सुबह टीएस बाबा ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत फिर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं से मुलाकात के साथ की। सुबह लगभग 9 बजे वे राजेश तिवारी के निवास पहुंचे और वहां आत्मीय चर्चा की।

### बाबा ने मिलने की बदली शैली

दूसरी ओर, सार्वजनिक बैठक नहीं लेने और राजीव भवन से दूरी बनाए रखने को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। राजनीतिक जानकार इसे कांग्रेस के भीतर चल रहे समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि टीएस बाबा की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन उनके पूरे दौरे की शैली ने यह जरूर स्पष्ट कर दिया कि वे इस बार भीड़ की राजनीति से अलग कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्तिगत संपर्क को ज्यादा महत्व दे रहे हैं।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते युवक को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम आंवरी जाने वाले मार्ग में डेम के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहें आरोपी दंतेवाड़ा जिला के गीदम थानांतर्गत घोटपाल निवासी 36 वर्षीय जयसिंह यादव पिता कन्यारराम यादव को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी खुलेआम सार्वजनिक स्थान पर 17 मई को शाम करीबन साढ़े 8 बजे शराब का सेवन कर रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से गई जान के मामले की जांच जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत करेकट्टा संगम निवासी 66 सोनु करंगा पिता स्व. महरूराम करंगा को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक को 16 मई को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### जैनीबाई सलाम



**कोरर।** अंडी निवासी 78 वर्षीय जैनी बाई सलाम का निधन 18 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम अंडी में श्मशान घाट पर किया गया। वे वीरेन्द्र सलाम की माता थीं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण व रिस्तेदार शामिल हुए।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के लिए 20 जून तक मौका

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 20 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। चयन परीक्षा का आयोजन 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 से 02 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन एवं प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाएगी।







